web: www.nyaysakshi.com ‖ पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल ‖ पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक-सेहत-विज्ञान-फीचर

दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 ‖ Postal Registration No-055/Raigarh DN CG ‖ रायगढ़, बुधवार 25 सितम्बर 2019 ‖ पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए ‖ वर्ष-01, अंक- 355

## महत्वपूर्ण एवं खास

### भूकंप के झटकों से हिली अमेरिका की धरती

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पुएर्टो रिको के सन अंटोनियो में मंगलवार को भूकंप के जबरदस्त झटके महसूस किये गए। अमेरिकी भूगर्भ सर्वे के मुताबिक तड़के 03.23 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.0 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 19.0377 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 67.253 पश्चिमी देशांतर तथा जमीन की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में स्थित था। भूकंप से किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान की तात्कालिक रिपोर्ट नहीं है।

### पाकिस्तान में भूकंप के झटके

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के उत्तरी हिस्से में इस्लामाबाद, पेशावर, रावलपिंडी और लाहौर समेत कई शहरों में मंगलवार को भूकंप के झटके महसूस किये गये। स्थानीय मीडिया की खबरों में यह जानकारी दी गई है। 'डॉन न्यूज' टीवी की खबर के अनुसार भूकंप के झटके आठ से दस सेकंड तक महसूस किये गये। भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.7 मापी गई। भूकंप से किसी तरह के जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई खबर नहीं है।

### बगदाद में अमेरिकी दूतावास के समीप राकेट हमला

**बगदाद।** इराक की राजधानी बगदाद में अमेरिकी दूतावास के समीप अतिसुरक्षा वाले क्षेत्र 'ग्रीन जोन' में मंगलवार को दो राकेट दागे गये। स्थानीय मीडिया रिपोर्टों में यह जानकारी दी गयी। स्काई न्यूज अरबिया टीवी चैनल की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिकी दूतावास में हवाई हमले का सायरन बजने की आवाज सुनाई दी। 'ग्रीन जोन' इलाके में राकेट दागे जाने की घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना के बाद ग्रीन जोन के दो चेकप्वाइंट बंद कर दिये गये।

### हवाई हमले में नौ आतंकवादी ढेर

**काबुल।** अफगानिस्तान के दक्षिणी प्रांत जाबुल में उत्तर अटलांटिक संधि संगठन( नाटो ) नीत बल के हवाई हमलों में नौ आतंकवादी ढेर हो गये]. अफगानी सेना के अधिकारी एस्सा मोहम्मद ने बताया कि नाटो नीत बल ने सोमवार को जाबुल की राजधानी कलात के बाहरी हिस्से ओमकई तथा शिनकी जिले के सेयोरी गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर हवाई हमले किये। सेना की इस कार्रवाई में कोई नागरिक हताहत नहीं हुआ। अफगानी सुरक्षा बलों ने 28 सितम्बर को होने जा रहे राष्ट्रपति चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर तालिबान आतंकवादियों के खिलाफ अभियान तेज कर दिया है।

### पाकिस्तान में डेंगू से 20 की मौत

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी स्वास्थ्य अधिकारी देश में डेंगू के प्रकोप से निपटने के लिये जूझ रहे हैं, जहां दस हजार से अधिक लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है जबकि इससे 20 लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य विभाग ने इसकी जानकारी दी है । पाकिस्तान के सभी प्रमुख शहरों के अस्पतालों में मंगलवार को डेंगू बुखार के और मामले सामने आये । इससे देश की खराब स्वास्थ्य व्यवस्था पर असर पड़ा है । सरकार के स्वास्थ्य सलाहकार जफर मिर्जा ने बताया कि डेंगू के अबतक दस हजार 13 मामले सामने आये हैं। उन्होंने बताया कि इस बीमारी से प्रभावित लोगों को मुफ्त इलाज मुहैया कराया जा रहा है। मच्छर से होने वाले इस वायरल संक्रमण से पाकिस्तान में हर साल दर्जनों लोगों की मौत हो जाती है ।

### ईरान ने दो महीने बाद छोड़ा ब्रिटिश ध्वज वाला टैंकर

**तेहरान।** ईरान के बंदरगाह बंदर अब्बास पर दो महीने से अधिक समय से रोक कर रखे गए ब्रिटिश ध्वज वाले एक तेल टैंकर को छोड़ दिया गया है। एक वेबसाइट ने मंगलवार को यह खबर दी। सरकार के प्रवक्ता अली रबी ने सोमवार को घोषणा कि '' विधिक प्रक्रिया पूरी हो चुकी है'' और स्वीडन के स्वामित्व वाला टैंकर अब स्वतंत्र है। वेबसाइट टैंकरट्रेकर डॉट कॉम ने अपने ट्विटर अकाउंट पर लिखा, '' आज सुबह उपग्रह से मिली तस्वीरों से पता चला कि स्टेना इम्पेरो (टैंकर) अब वहां पर नहीं है।''

# उत्तर भारत में भूकंप के झटके, दिल्ली-एनसीआर भी हिला



पीओके में सबसे ज्यादा नुकसान की खबर

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के बड़े हिस्से में भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर के मीरपुर से 15 किलोमीटर दूर स्थित जाटलान इस भूकंप का केंद्र था। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.3 मापी गई है। भारत में पाकिस्तान से सटे जम्मू-कश्मीर में भूकंप की सबसे ज्यादा तीव्रता थी। भारतीय समयानुसार शाम 4:31 बजे भूकंप के झटके महसूस हुए।पाकिस्तान के मीरपुर में बड़े नुकसान की खबरें मिल रही हैं। कई मकान गिरे हैं और कई जगहों पर सड़कें टूटी हैं। फिलहाल करीब 50 लोगों के घायल होने की खबर है और उन्हें अस्पतालों में पहुंचाया जा रहा है।

मीरपुर के जाटलान में नहर के किनारे से गुजरने वाली एक सड़क पूरी तरह से धंस गई और रोड पर खड़ी कई गाड़ियां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुई हैं। यही नहीं बड़ी संख्या में मकान भी क्षतिग्रस्त हुए हैं। झेलम नदी पर बने मंगला डैम से यह नहर निकलती है, जिसके आसपास यह नुकसान हुआ है। नहर पर बना एक पुल भी टूटा है और आसपास के गांवों में अब नहर का पानी भरने का भी खतरा है। पाकिस्तान के जियो न्यूज चैनल के मुताबिक नहर के किनारे करीब 20 गांव बसे हैं, जहां हजारों लोग भूकंप के चलते मुश्किल में फंस सकते हैं। 8 अक्टूबर, 2005 में भी पीओके में भूकंप ने भारी तबाही मचाई थी।

जम्मू-कश्मीर के राजौरी, पुंछ, जम्मू, उधमपुर और रामबन के कुछ हिस्सों में भूकंप काफी तीव्रता से महसूस किया गया। जम्मू-कश्मीर के अलावा दिल्ली और एनसीआर के कई इलाकों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इसके अलावा चंडीगढ़, अंबाला, पानीपत, अमृतसर, लुधियाना समेत पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के तमाम शहरों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए।

दिल्ली समेत गुरुग्राम, नोएडा और गाजियाबाद में भूकंप के झटकों के चलते लोग दफ्तरों और घरों से बाहर निकल आए। काफी देर तक लोग भूकंप के डर के चलते खाली स्थानों और पार्कों में खड़े रहे। पाकिस्तान के लाहौर और इस्लामाबाद में भूकंप की तीव्रता भारतीय शहरों के मुकाबले ज्यादा थी। बता दें कि 20 सितंबर को महाराष्ट्र के पालघर जिले में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए थे।

# योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में 20 अहम प्रस्तावों को मिली मंजूरी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में 20 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। इसमें सीएम सहित सरकार के मंत्रियों द्वारा इनकम टैक्स खुद भरने से लेकर बेसिक शिक्षा विभाग में महानिदेशक का पद सृजित कर आईएएस अधिकारी को तैनात करने सहित कई अहम प्रस्ताव शामिल हैं।

कैबिनेट बैठक में पीजीआई सैफई की फैकल्टी, नॉन फैकल्टी और रेजिडेंट डॉक्टर को पीजीआई लखनऊ के समान भत्ता देने का निर्णय भी लिया गया। इसके अलावा प्रदेश के 7 नगर निगमों मेरठ, गोरखपुर, अयोध्या, शाहजहांपुर, मथुरा-वृंदावन, गाजियाबाद, फिरोजाबाद को सरकार अपने संसाधन से स्मार्ट बनाएगी।

# मंदिर तोड़कर नहीं खाली स्थान पर बनाई गई थी बाबरी मस्जिद- मुस्लिम पक्ष




**नई दिल्ली।** अयोध्या मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में मंगलवार को मुस्लिम पक्ष ने दावा किया कि बाबर ने मस्जिद का निर्माण मंदिर तोड़कर नहीं कराया था। मुस्लिम पक्ष के वकील जफरयाब जिलानी ने कहा कि मस्जिद को अयोध्या में खाली जगह पर बनवाया गया था। संवैधानिक बेंच में शामिल जस्टिस बोबडे ने पूछा था कि बाबर ने मस्जिद बनाई थी मंदिर तोड़कर या खाली जमीन पर ?

इस पर जिलानी ने बताया कि मस्जिद का निर्माण किसी मंदिर को तोड़कर नहीं किया गया था। इससे पहले सोमवार को केस की सुनवाई के दौरान बेंच में शामिल जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा था कि अयोध्या के मामले में हिंदुओं की आस्था पर कैसे सवाल उठाया जा सकता है। ये मुश्किल है। एक मुस्लिम गवाह का बयान है कि हिंदुओं के लिए अयोध्या वैसे ही है जैसे मुस्लिमों के लिए मक्का का स्थान है।

इस पर मुस्लिम पक्ष के वकील राजीव धवन ने कहा था कि हम भगवान राम का सम्मान करते हैं। जन्मस्थान का सम्मान करते हैं इस देश में अगर राम और अल्लाह का सम्मान नहीं होगा तो देश खत्म हो जाएगा। ये देश विविधताओं वाला देश है। दुनिया का कोई देश इतनी विविधता वाला नहीं है।

# मोदी ने न्यूयॉर्क में कई विश्व नेताओं के साथ की द्विपक्षीय बैठकें



**न्यूयॉर्क।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के 74वेंसत्र से इतर सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल, इटली के प्रधानमंत्री ग्यूसेप कोंते और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद सहित कई विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें कीं। ह्यूस्टन में ऐतिहासिक 'हाउडी मोदी' कार्यक्रम में 50,000 से अधिक भारतीय अमेरिकियों को संबोधित करने के बाद मोदी यूएनजीए के 74वें सत्र में हिस्सा लेने रविवार को यहां पहुंचे थे। मोदी ने यहां मर्केल, कोंते, बिन हमद, कोलंबिया के राष्ट्रपति इवान डुक्यू मार्क्वेज,नाइजर के राष्ट्रपति मोहम्मदू इसूफू, नामीबिया के राष्ट्रपति हेज गिंगोब, मालदीव के राष्ट्रपति इब्राहिम मोहम्मद सोलिह, भूटान के प्रधानमंत्री लोटे शेरिंग और नीदरलैंड के प्रधानमंत्री मार्क रूट से मुलाकात की। प्रधानमंत्री मोदी ने इटली के प्रधानमंत्री से विशेषकर व्यापार एवं निवेश क्षेत्र में द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने पर चर्चा की और रक्षा क्षेत्र में सहयोग पर भी बात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने ट्वीट किया, '' आपसी तालमेल को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने इटली के प्रधानमंत्री ग्यूसेप कोंते से मुलाकात की। द्विपक्षीय संबंध मजबूत करने पर चर्चा की, विशेषकर व्यापार एवं निवेश क्षेत्र में... इतालवी एसएमई (लघु एवं मध्यम उद्यम) को कम लागत के उत्पादन का लाभ उठाने के लिए भारत आने के लिए आमंत्रित किया, रक्षा क्षेत्र में सहयोग पर बातचीत की।'' बिन हमद के साथ बैठक में दोनों नेताओं ने भारत और कतर के बीच संबंधों के सम्पूर्ण आयाम की समीक्षा की। कतर के अमीर ने मोदी से योग को वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय बनाने के प्रयासों पर भी चर्चा की। वहीं, मालदीव के राष्ट्रपति और मोदी ने विकास साझेदारी और जलवायु परिवर्तन में सहयोग पर हुई प्रगति पर चर्चा की। कुमार ने ट्वीट किया, '' पड़ोसी के साथ सम्पर्क साधने के हर अवसर का प्रयोग करते हुए यूएनजीए से इतर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदीव के राष्ट्रपति हेज गिंगोब से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने विकास साझेदारी और जलवायु परिवर्तन में सहयोग पर हुई प्रगति पर चर्चा की।''

# चिन्मयानंद रेप केस: आरोप लगाने वाली छात्रा की अग्रिम जमानत मंजूर




**शाहजहांपुर।** पूर्व केंद्रीय गृह राज्यमंत्री स्वामी चिन्मयानंद पर रेप का आरोप लगाने वाली छात्रा की अग्रिम जमानत की अर्जी को कोर्ट ने मंजूर कर लिया है। छात्रा ने शाहजहांपुर की एक कोर्ट में मंगलवार सुबह ही अग्रिम जमानत की याचिका दाखिल की थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया है। हालांकि एसआईटी छात्रा से पूछताछ की तैयारी कर रही है। छात्रा पर अपने दोस्तों के साथ मिलकर चिन्मयानंद से 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप है।

कोर्ट में लॉ स्टूडेंट की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई पूरी हो चुकी है। चिन्मयानंद के वकील ने अग्रिम जमानत वाली याचिका का विरोध किया। लगभग 40 मिनट तक दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने छात्रा की अर्जी को मंजूर कर लिया है। पीड़िता के वकील ने बताया कि अगली सुनवाई के लिए 26 सितंबर की तारीख तय की गई है। छात्रा के वकील अनूप त्रिवेदी ने सुनवाई के बाद जानकारी देते हुए बताया, कोर्ट ने अग्रिम जमानत की याचिका को मंजूर कर लिया है। अब दो दिन बाद मामले की सुनवाई होगी। छात्रा की गिरफ्तारी की खबरें भी झूठी हैं। अभी तक इस संबंध में किसी भी ऐक्शन की जानकारी नहीं है।

इससे पहले सोमवार को छात्रा ने इलाहाबाद हाई कोर्ट की पीठ के समक्ष अपनी गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने तब कहा था कि यदि पीड़िता कोई राहत चाहती है तो वह उचित पीठ के समक्ष नई याचिका दायर कर सकती है। अदालत ने कहा कि यह पीठ इस मामले में केवल जांच की निगरानी करने के लिए नामित की गई है और गिरफ्तारी के मामले में रोक लगाने का कोई आदेश पारित करना उसके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है।

**चिन्मयानंद और छात्रा के बीच 200 बार फोन पर बातचीत-** बता दें कि एसआईटीकी जांच में छात्रा और चिन्मयानंद को लेकर कई चौंकाने वाले खुलासे हुए हैं। इस पूरे प्रकरण की जांच कर रही एसआईटी की जांच रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि आरोप लगाने वाली छात्रा और चिन्मयानंद के बीच जनवरी 2019 से अगस्त महीने के बीच 200 बार फोन पर बातचीत हुई है।

# थॉमस कुक: जानें, क्यों डूबी दुनिया की सबसे पुरानी टूर ऐंड ट्रैवल कंपनी



**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे पुरानी ब्रिटिश टूर व ट्रैवल कंपनी थॉमस कुक का सफर थम गया है। 178 साल पुरानी इस कंपनी का रातोंरात शटर डाउन होने से दुनियाभर के होटलों में बुकिंग कराने वाले करीब छह लाख पर्यटक फंस गए हैं। इसके साथ ही 16 देशों में फैली इस कंपनी के करीब 22 हजार कर्मचारी एक झटके में बेरोजगार होने को हैं। इस संकट को लेकर कहा जा रहा है कि द्वितीय विश्व युद्ध के बार पहली बार इतने टूरिस्ट होटलों में कैद हुए हैं। थॉमस कुक दुनिया की पहली कंपनी थी जिसने परिवार सहित घूमने के पैकेज के कॉन्सेप्ट की शुरुआत की। आखिर ब्रिटेन की यह नामी कंपनी अचानक बंद क्यों हो गई, आइए जानते हैं इसके फर्श से आसमां तक पहुंचने और फिर तबाह होने की कहानी....

दुनिया की सबसे पुरानी ट्रैवल कंपनी की स्थापना 1841 में ब्रिटेन के नागरिक थॉमस कुक ने मार्केट हारबोरफ में की थी। ब्रिटेन में रेलवे लाइनें बिछने का सिलसिला शुरू होने के साथ ही कामगार और कुलीन, दोनों वर्गों के लिए छुट्टियों का पर्याय बन गई थी। 1855 में कंपनी ने यूरोप के लिए टूर की शुरुआत की तो 1866 में पर्यटकों को अमेरिका तक ले जाने लगी।

# कश्मीर मध्यस्थता पर किये ट्वीट को डॉनल्ड ट्रंप ने किया डिलीट



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कश्मीर मसले पर मध्यस्थता से संबंधित अपने एक ट्वीट को डिलीट कर दिया है। दरअसल उन्होंने कश्मीर मध्यस्थता का जिक्र किया था। भारत शुरुआत से कहता रहा है कि कश्मीर उसका और पाकिस्तान का द्विपक्षीय मसला है। जिसमें वह किसी भी देश का हस्तक्षेप नहीं चाहता है। वहीं पिछले कुछ समय से ट्रंप सीमा विवाद को सुलझाने के लिए दोनों देशों को मध्यस्थता का प्रस्ताव दे चुके हैं। जिसे कि भारत ने मानने से मना कर दिया है।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने न्यूयॉर्क में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान से द्विपक्षीय वार्ता की। जिसमें उनसे पूछा गया कि क्या वह कश्मीर मसले पर दोबारा मध्यस्थता करना चाहते हैं तो उन्होंने कहा, मैं तैयार हूं, सक्षम हूं। यह जटिल मुद्दा है। यह काफी लंबे समय से चल रहा है। यदि दोनों पक्षा चाहते हैं तो मैं मध्यस्थता करने को तैयार हूं।

इसी ट्वीट को रीट्वीट करते हुए ट्रंप ने लिखा, उम्मीद है कि दोनों पक्ष इस समस्या का जल्द समाधान करेंगे। हालांकि बाद में उन्होंने अपने इस ट्वीट को डिलीट कर दिया। बता दें कि जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटाए जाने के बाद से इमरान दुनियाभर के देशों से मदद की गुहार लगा रहे हैं लेकिन उन्हें हर जगह से झटका ही लग रहा है।

# भारत-पाक तनाव कम करने पर ट्रम्प, इमरान ने की चर्चा



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने भारत और पाकिस्तान के बीच व्याप्त तनाव को निपटाने के लिए संभावित उपायों के संदर्भ में चर्चा की है। अमेरिकी राष्ट्रपति कार्यालय व्हाइट हाउस ने ट्रम्प और खान के बीच बैठक के संदर्भ में एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि दोनों नेताओं ने उर्जा और व्यापार समझौते पर परस्पर सहयोग के अवसर को लेकर भी चर्चा की। ट्रम्प और खान के बीच यह बैठक न्यूयार्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के 74वें वार्षिक सत्र के इतर हुई थी।

# चीन-पाकिस्तान की दोस्ती अटूट :वांग यी



**संयुक्त राष्ट्र।** चीन के स्टेट काउंसिलर और विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि चीन और पाकिस्तान सभी प्रकार के रणनीतिक सहयोग साझेदारी रखते हैं और दोनों देशों के बीच दोस्ती अटूट है। वांग ने खान से संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक से इतर सोमवार को हुई मुलाकात के बाद यह बात कही। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने हमेशा आपसी विश्वास, समझ और सहयोग का आनंद लिया है।

उन्होंने कहा कि चीन पाकिस्तान की क्षेत्रीय संप्रभुता और राष्ट्रीय प्रतिष्ठा को बनाए रखने के उसके प्रयासों का समर्थन करना जारी रखेगा। चीन-पाकिस्तान सहयोग ने पाकिस्तान के राष्ट्रीय विकास और उसके लोगों की आजीविका में सुधार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

वांग ने कहा कि दोनों पक्षों को बेल्ट-रोड इनिशिएटिव के तहत उच्च गुणवत्ता वाली विकास परियोजनाओं के लिए चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) को एक मॉडल बनाने के लिए मिलकर काम करना चाहिए।

खान ने बैठक में कहा कि पाकिस्तान सीपीईसी के परिवर्तन और उन्नयन को मजबूती से आगे बढ़ाएगा। साथ ही पाकिस्तान अपने देश में चीनी परियोजनाओं, उद्यमों और कर्मियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करना जारी रखेगा।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान और चीन काफी करीबी दोस्त हैं, और पाकिस्तान चीनी सरकार और लोगों को सबसे कठिन समय में पाकिस्तानी लोगों के साथ मजबूती से खड़े होने के लिए धन्यवाद देता है। दोनों पक्षों ने अफगानिस्तान, ईरान और अन्य मसलों पर भी चर्चा की।